कार्यालयः—वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल।

वन भवन-1, हजारीबाग, 825301 (झारखण्ड)

E-mail: dfo-hazaribagheast@gov.in; dfohazaribagheast@gmail.com

पत्रांक : 2276 दिनांक : 06/09/2021

सेवा में,

प्रोजेक्ट डायरेक्टर (Administration),
जुडको, रांची।

विषय :— कोनार डैम से हजारीबाग शहर तक पाईप लाईन जलापूर्ति योजना हेतु विभिन्न अव्यवों के निर्माण हेतु वनभूमि अपयोजन के संबंध में।

प्रसंग :— आपका पत्रांक 2625 दिनांक 06.08.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है कि हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल के क्षेत्राधीन वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत कोनार डैम से हजारीबाग शहर तक पाईप लाईन जलापूर्ति योजना हेतु विभिन्न अव्यवों के निर्माण हेतु 3.561 हे0 वन भूमि के अपयोजन का प्रस्ताव इस कार्यालय में आपके प्रासंगिक पत्र द्वारा प्राप्त है।

प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में दिनांक 04.09.2021 को प्रस्तावित स्थलों एवं प्रतिवेदित स्थलों पर अवस्थित वृक्षों की गणना सूची के आधार पर स्थलीय निरीक्षण वन क्षेत्र पदाधिकारी, बगोदर/दारू वन प्रक्षेत्र एवं अधीनस्थ कर्मचारियों तथा आपके पदाधिकारियों के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रस्ताव संबंधित निम्नलिखित कमियाँ/त्रुटियाँ पायी गईः—

1. प्रस्ताव में प्रस्तावित वनभूमि का Technical Justification स्थल के अनुरूप नहीं है।
2. प्रतिवेदित स्थल पर अवस्थित वृक्षों पर अंकित वृक्ष संख्या मिट गई है/द्रष्टव्य नहीं है तथा कई वृक्षों पर संख्या अंकित नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त वृक्षों के प्रजाति में भी भिन्नता पायी गयी है।
3. प्रस्ताव के साथ Layout plan of the project संलग्न नहीं है।
4. प्रतिवेदित स्थल के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संलग्न नक्शा में दर्शाया गया स्थल और सरजमीन में भिन्नता है।
5. स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि उक्त परियोजना के निर्माण में प्रस्तावित वन भूमि अपयोजन के रकवा 3.561 हे0 से ज्यादा भूमि की आवश्यकता होगी।

अतः उक्त तथ्यों के आलोक में अनुरोध है कि उपरोक्त कमियों/त्रुटियों का निराकरण करते हुए निराकरण प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित किया जाय, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल।

E:\HZB EAST DIVISION\F.C. ACT\2021-22\JUDCO WATER SUPPLY\LTR TO Project mag. Judco hzbaribagh.doc